भारत सरकार
सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं.2010
03.07.2019 को उत्तर देने के लिए

एमपीलैड के अंतर्गत निधि का व्यय

2010. श्री गोपाल शेट्टी:

क्या सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या एमपीलैड योजना के तहत जन-प्रतिनिधियों द्वारा व्यय की गई निधि के माध्यम से किसी कार्य की आधारशिला रखने और शिलान्यास का पत्थर लगाने जैसे कार्यों पर सरकार व्यय होता है;
(ख) यदि हां, तो पिछले तीन वर्षों के दौरान ऐसे उद्देश्यों के लिए खर्च की गई निधि का राज्य और वर्ष-वार ब्यौरा क्या है;
(ग) उक्त निधि किन शीर्षों के अंतर्गत व्यय की गई है;
(घ) क्या सरकार ने उक्त धनराशि का अन्य विकासात्मक कार्यों में उपयोग करने के लिए कोई कदम उठाया है या उठाने का विचार किया है; और
(ड.) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा योजना मंत्रालय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) (राव इंद्रजीत सिंह)

(क) जी, नहीं । एमपीलैड योजना के दिशा-निर्देशों के अनुसार, आधारशिला रखने और शिलान्यास का पत्थर लगाने जैसे कार्यों पर व्यय करने की अनुमति नहीं है ।

(ख) ,(ग),(घ) और (ङ) प्रश्न के उपर्युक्त (क) के उत्तर के संदर्भ में प्रश्न नहीं उठता ।

****